Live हिन्दुस्तान.com

काशीपुर में दो दुकानों से लाखों का नकली माल बरामद

हिन्दुस्तान टीम,हल्द्वानी

Last updated: Mon, 05 Feb 2018 06:02 PM

हीरो कंपनी के नकली माल बेचने की शिकायत पर कंपनी की टीम ने दो दुकानों में छापा मारकर लाखों का नकली माल बरामद किया। टीम सामान का मिलान कर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराने की तैयारी में है।

एक हफ्ते पूर्व सूचना मिली थी कि काशीपुर की दो दुकानों में हीरो मोटो कार्प लि. के नाम से नकली पार्ट्स बेचे जा रहे हैं। इसके लिए कंपनी ने अपनी जांच कंपनी प्रोटेक्ट आईपी से संपर्क किया। जांच में शिकायत सही मिली। सोमवार को प्रोटेक्ट आईपी के सीनियर जांच अधिकारी सुरेश कौशिक और परमजीत सिंह के नेतृत्व में दिल्ली से आई टीम ने पुलिस से संपर्क किया। दो टीमों ने पुलिस को साथ लेकर मोहल्ला टांडा उज्जैन स्थित प्रिंस ऑटो सेल्स तथा पटेलनगर स्थित रवि आटोमोबाइल पर छापा मारा। टीम ने दोनों दुकानों पर हीरो कंपनी के नकली ब्रेक शू, ब्रेक वॉयर, क्लच वॉयर समेत लाखों रुपये का नकली सामान बरामद किया। दुकान स्वामी टीम के हत्थे नहीं चढ़ पाए। टीम बरामद सामान को कोतवाली ले आई। जहां सामान का मिलान किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बरामद माल की कीमत करीब पांच लाख रुपये तक हो सकती है। टीम में जांच अधिकारी राजीव कुमार, टीएन झा, पप्पू, अवतार आदि शामिल रहे।

व्यापार मंडल ने किया विरोध:

काशीपुर। सूचना पर मौके पर पहुंचे व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक वर्मा ने कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने कहा कि दुकान स्वामी की अनुपस्थिति में कुछ लोग पुलिस के साथ आए और सामान लेकर चले गए। उन्होंने बाहर से सामान लाकर दुकान से दिखाने का भी आरोप लगाया।

हीरो कंपनी के जांच अधिकारी बोले:

कंपनी के वरिष्ठ जांच अधिकारी परमजीत सिंह ने कहा कि नकली सामान बेचने की शिकायत पर जांच के बाद कार्रवाई की गई। दो दुकानों में हीरो कंपनी के नाम से नकली सामान बेचा जा रहा है। इसे जब्त कर लिया गया है। सामान की काउंटिंग कर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी जाएगी।

Source: https://www.livehindustan.com/uttarakhand/haldwani/story-millions-of-fake-goods-recovered-from-two-shops-in-kashipur-1785803.html